# पुरानी पेंशन बहाली के लिए मशाल जुलूस निकाला

**कोटा,** (निसं)। पुरानी पेंशन बहाली के लिए संयुक्त मंच के आव्हान पर वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे एम्पलॉईज यूनियन द्वारा 21 मई को विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों ने भाग लेकर अपनी ताकत दिखाते हुए सरकार को चेताने का काम किया। यूनियन के सहायक मण्डल सचिव नरेश मालव ने बताया कि संयुक्त मंच द्वारा जारी पुरानी पेंशन बहाली अंदोलन के विभिन्न चरणों में यूनियन द्वारा लगातार रेल कर्मचारियों की बड़ी भागीदारी के साथ कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

जिसकी श्रृंखला में 21 मई को रात 8 बजे से उमरावमल पुरोहित सभागार के सामने से यूनियन के महामंत्री कॉ.मुकेश गालव की अगुवाई में विशाल मशाल जुलूस प्रारंभ हुआ जो रेलवे स्टेशन के सामने से होते हुए भीमगंजमंडी मुख्य बाजार, भीमगंजमंडी थाने से होता हुआ पुनः उमरावमल पुरोहित सभागार आकर सम्पन्न हुआ। यूनियन के महामंत्री कॉ.मुकेश गालव ने जुलूस में शामिल रेल कर्मचारियों एवं उनके परिवानजनों को सम्बोधित करते हुए कहाँ की पुरानी पेंशन रेल कर्मचारियों का हक है तथा आज रेल कर्मचारी ही नहीं वरन उनका परिवार एवं आम जनता इस जायज मांग के लिए यूनियन के साथ खड़ी है तथा पुरानी पेंशन लागू होने तक यूनियन चौन से नहीं बैठेगी एवं अब रेल कर्मचारियों ने ठान लिया है कि आगामी आम चुनावों से पहले केन्द्र सरकार ने अगर पुरानी पेंशन बहाली का फैसला नहीं लिया तो सरकार को जाना होगा एवं जो पुरानी पेंशन की बात करेंगा अब वहीं दल देश पर आगे राज करेगा।


कोटा में पेंशन बहाली की मांग को लेकर रेलवे कर्मचारियों ने मशाल जुलूस निकाला।

मशाल जुलूस में रेल कर्मचारियों के साथ उनके परिवारजन एवं बच्चे भी जुलूस में मशाल थामे चल रहे थे एवं लगातार करतल ध्वनि के साथ एनपीएस समाप्त कर पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में नारे लगाते हुए चल रहें थे। जुलूस के पूरे मार्ग में स्थानीय निवासियों ने रेल कर्मचारियों की एकता, अपनी मांग के प्रति समर्पण एवं अनुशासन की तथा यूनियन की कार्यप्रणाली की जोरदार प्रशंसा की तथा इस जन-आंदोलन में भागीदारी निभाते हुए जुलूस के साथ बड-चढकर नारे भी लगाये। मशाल जुलूस में यूनियन के जोनल कोषाध्यक्ष इरशाद खान, हिन्द मजदूर सभा की राष्ट्रीय सचिव कॉ. चम्पा वर्मा, सहा.मण्डल सचिव नरेश मालव, बीएन. शर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष अजय शर्मा, अल्पना शुक्ला, आईडी दुबे, दानिश खान, दीपक राठौड़, सुनील झा, कमलेश मीना, गौरव कश्यप, चरणजीत मस्तराम, राजकुमार सरसिया, संजय चौहान, सहित हजारों रेल कर्मचारी अपने परिवारजनों के साथ उपस्थित रहें।

## सार-समाचार

### स्मृतिवन लवकुश वाटिका में जैव विविधता दिवस

**कोटा,** (निसं)। जैव विविधता संरक्षण दिवस पर सोमवार को वन विभाग एवं स्मृतिवन लव-कुश वाटिका सलाहकार समिति अनंतपुरा के संयुक्त तत्वावधान में पॉलीथीन और प्लास्टिक के अजैविक कचरे को हटाने का अथयान शुरू किया गया। मण्डल वन अधिकारी जयराम पाण्डे ने आयोजित संक्षिप्क संगोष्ठि में बताया कि स्मृतिवन में नव निर्मित लवकुश वाटिका को पूर्णतः प्लास्टिक, पॉलीथीन के कचरे से मुक्त बनाया जाएगा। मिशन एनवायरमेंट लाईफ स्टाईल का अभियान भी पर्यावरण पखवाडें के तहत चालू किया जाएगा। लव-कुश वाटिका में पर प्रवेश करने से पूर्व ही स्वागत द्वार पर ही इसे चौक किया जाएगा। उन्होंने वन भूमि पर इधर-उधर से उड़कर आई प्लास्टिक की थैलियों को एकत्र कर बाहर निस्तारण के लिए भेजा गया। यहां पूर्व में कचरे के ढेर लगे थे आज लव कुश वाटिका तैयार हो गई है तथा नक्षत्र वाटिका,पेड़ पौधों, वन्यजीवों की जानकारी युक्त बोर्ड लगाए जा रहे है। द्र

### युवा कांग्रेस ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती

**कोटा,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय में युवा कांग्रेस द्वारा महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई, इस मौके पर कार्यकर्ताओं द्वारा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दुग्धाभिषेक किया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस महामंत्री व सहवरित पार्षद संजय यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप उन वीर और निर्भीक शासकों में से थे जिन्हें, मुगलों का शासन कदापि स्वीकार न था। यही कारण है कि अपने जीवन काल में उन्होंने सदा अपने साम्राज्य की रक्षा के लिए मुगलों को समय-समय पर दांतों तले चने चबाने पर मजबूर कर दिया। महाराणा प्रताप युद्ध कला और नीति निर्माण में निपुण थे, महाराणा प्रताप ने सब कुछ बलिदान कर दिया लेकिन अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया इसीलिए महाराणा प्रताप को हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस अवसर पर अशोक जैन खादी देहात युवक काँग्रेस जिला उपाध्यक्ष विरेन्द्र मण्डा देहात युवक काँग्रेस महामंत्री चेतन सोलकी पार्षद नवीन यादव कैशव जैन मनीष आर्य युवक काँग्रेस विधान सभा उपाध्यक्ष वेद प्रकाश गुर्जर जुल्फीकार अली प्रताप सिंह हाड़ा सहित कांग्रेस कार्यकत्ता उपस्थित थे

### धरना 46 वें दिन भी जारी रहा

**रामगंजमंडी,**(निसं)। रामगंजमंडी जिला बनाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में सोमवार को 46 वें दिन स्टेशन चौराहा गांधी चौक पर क्रमिक धरना जारी रहा।जिसमें गिर्राज धरण कृपा मंडल के शिवनारायण सेठिया ,मधुसूदन खंडेलवाल ,दुर्गालाल प्रजापति, संतोष सेठिया सम्पतराज सोनी शंकर पेंटर रमेश डपकरा आदि धरने पर बैठे।समिति की ओर से सभी का माला पहनाकर स्वागत किया गया।धरना स्थल पर नेता प्रतिपक्ष महेंद्र सामरिया, भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र राजा भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पंकज पारेता कमल गुर्जर कम्मू पार्षद वीरेंद्र सिंह शक्तावत लोकेश पावेचा मनीष पारेता अभिषेक सेन रमेशचंद घाटोड मुकुट बिहारी सुमन व पंकज शर्मा ने भी पहुंच कर धरने पर बैठे लोगों व रामगंजमंडी को जिला बनाओ का समर्थन किया। कमेटी सदस्य विजय गौतम ने बताया कि 23 मई मंगलवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा धरने पर बैठेंगे।

सर्किल के नैतिक शिक्षा और व्यक्तित्व

### विकास समर कैंप का शुभारंभ

**कोटा,** (निसं)। सिन्धु सोशल सर्किल और शिव ज्योति बाल विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुमानपुरा की ओर से सिन्धु महिला सर्किल के सहयोग से पांच दिवसीय नैतिक शिक्षा और व्यक्तित्व विकास समर कैम्प का आज शुभारंभ सर्किल के संरक्षक मुरलीधर अलरेजा और स्कूल निदेशक सावित्री गुप्ता ने किया। इस अवसर पर सर्किल अध्यक्ष राज ठाकुर और सचिव शमशेर परमानी ने अपने विचार रखे। कैम्प संयोजक शैलेन्द्र कृपलानी ने सबका स्वागत किया। पहले दिन, विचार अभिव्यक्ति कला पर भारत सरकार के पूर्व निदेशक (मीडिया) किशन रतनानी ने उद्बोधन दिया। इस उद्बोधन पर आधारित प्रश्नोत्तरी के आठ विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए। कैम्प में महिला सर्किल की संरक्षक डॉली मदनानी और सचिव नीतू वनवानी, सर्किल की सांस्कृतिक सचिव पायल गोपालानी, पूर्व सचिव अश्वनी कृपलानी, पूनम जेठवानी ने नृत्य कला की जानकारी दी। शिविर में प्रतिदिन एक वार्ता और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिया होगी तथा नृत्य, आर्ट एंड क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। समापन 27 मई को होगा।

### महापौर ने लिया साफ-सफाई कार्य का फीडबैक

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा दक्षिण के महापौर राजीव अग्रवाल ने कोटा दक्षिण के वार्डो में स्थित सार्वजनिक पेशाबघरों व शौचालयों की सफाई से संबंधित बैठक में सभी को निर्देशित किया गया कि आमजनों द्वारा एवं पार्षदों के माध्यम से जानकारी में लाया गया है कि वार्डो में सार्वजनिक पेशाबघरों व शौचालयों की दुर्दशा हो रही है एवं साफ-सफाई नियमित रूप से नहीं हो पा रही है, जिसके कारण निगम की छवि धूमिल हो रही है। इस पर संबंधित स्वास्थ्य निरीक्षको ने बताया कि सार्वजनिक शौचालय एवं पेशाबघरों की सफाई के लिए जेटिंग मशीन का उपयोग किया जाता है। इस पर महापौर राजीव अग्रवाल ने आदेश करते हुए प्रभारी गैरिज कपिल पालीवाल को संबंधित जेटिंग मशीन से सफाई करवाये जाने हेतु पर्याप्त मात्रा में आवश्यक संसाधन सफाई श्रमिक के पास झाडू, ब्रश, वाईपर फिनाईल आदि उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें, साथ ही सभी स्वास्थ्य निरीक्षको को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में होने वाले सर्वे में नगर निगम कोटा दक्षिण को सर्वोच्च अंक तालिका में आने के लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिये जाने के लिए निर्देश दिए। राजेश डागा अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में गैरिज अनुभाग में 5 जेटिंग मशीनों के माध्यम से वार्डो के सार्वजनिक पेशाबघरों व शौचालयों की साफ-सफाई करवाई जा रही है। सभी पेशाबघरों व शौचालयों को नियमित रूप से एवं रूट चार्ट के अनुसार सफाई करवाया जाना सुनिश्चित करें। सार्वजनिक पेशाबघरों व शौचालयों की सफाई सेक्टर वाईज करवाई जावे, साथ ही वार्डो में लगे इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के श्रमिको को भी पाबंद कर उनसे सफाई कार्य करवाया जावें। बैठक में राजेश डागा अतिरिक्त आयुक्त, आर.के. जैन अधिशाषी अभियंता, कपिल पालीवाल स्वास्थ्य अधिकारी, गैराज समिति अध्यक्ष कपिल शर्मा व सभी स्वास्थ्य निरीक्षक उपस्थित रहें।

## सफलता का परचम लहराया

**कोटा,** (निसं)। सीबीएसई कक्षा दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टठीटयूट प्राइवेट लिमिटेड के प्री नर्चर एंड कॅरियर फाउंडेशन (पीएनसीएफ) विभाग में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। पीएनसीएफ की छात्रा आशी सिंह ने 99 प्रतिशत अंकों के साथ गणित तथा विज्ञान विषय में पूर्णांक अर्जित किये हैं। इसके साथ ही संस्था के 29 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत व उससे अधिक, 153 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत व उससे अधिक, 518 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं। संस्था के 67 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में पूर्णांक अर्जित किये हैं। एलन वाईस प्रेसिडेंट एवं पीएनसीएफ हेड अमित गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों ने पूरे वर्ष के परिश्रम से प्राप्त किये परिणामों से अपने परिवार जनों और संस्था को गौरवान्वित किया है। दसवीं कक्षा और उसके परिणाम की विद्यार्थी जीवन एवं करियर में महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जिसके लिए संस्था में विशेष तैयारी करवाई जाती है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम की एफएलसी का निरीक्षण किया

**झालावाड़,** (निसं)। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में प्रयोग में ली जाने वाली ईवीएम व वीवीपेट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) का सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर) आलोक रंजन ने ईवीएम वीवीपेट वेयरहाऊस में निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने एफएलसी के लिए लगाए गए प्रत्येक काउन्टर पर जाकर गहनता से प्रक्रिया की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी ईवीएम व वीवीपेट के एफएलसी कार्य के सही होने की जानकारी ली। उन्होंने कार्मिकों को एफएलसी के कार्य को पूर्ण सावधानी के साथ करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलक्टर ने सम्पूर्ण वेयर हाऊस का निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कैमरों के क्रियाशील होने की जांच भी की।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी झालावाड़ मनीषा तिवारी, राजनैतिक दल कांठोस से मोहम्मद शफीक खान, ओम पाठक, भाजपा से ओम जांगीड़ सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला कलक्टर ने राजकीय संठाहालय का किया भ्रमण


जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम की एफएलसी का निरीक्षण किया।

जिला कलक्टर आलोक रंजन ने सोमवार को गढ़ परिसर स्थित राजकीय संठाहालय का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने संठाहालय में स्थित पुरातत्व शैली की मूर्तियों सहित अन्य वस्तुओं को देखा। उन्होंने कहा कि झालावाड़ के संठाहालय में प्राचीन समय की मूर्तिकला को अद्भुत अलग-अलग रूपों में मूर्तियों के द्वारा प्रदर्शित किया गया है।

## सार-समाचार

### बेहतर चिकित्सा प्रबंधन ने बढ़ाया मान

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान के 10 चिकित्सा संस्थानों (7 पीएचसी और 3 यूपीएचसी) को भारत सरकार के एनक्यूएएस प्रोग्राम के तहत मिला क्वालिटी सर्टिफिकेट पीएचसी मुसालिया, ठठवाड़ी, फालना (पाली), सरदरगढ़, अगरिया( राजसमंद), अरटिया कलाँ (जोधपुर) तथा यूपीएचसी तलवंडी (कोटा), मांडिया रोड़ (पाली) तथा अग्रवाल फार्म मानसरोवर (जयपुर) को मिला गुणवत्ता प्रमाणपत्र शहर पीएचसी को 3 साल तक सालाना 3 लाख और यूपीएचसी को मिलेंगे 2 लाख रुपए। अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को दी बधाई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के तहत भारत सरकार द्वारा राजकीय चिकित्सा संस्थानों का मूल्यांकन करवाया जाता है। यह मूल्यांकन चार चरणों में किया जाता है जिसमें प्रथम चरण में संस्थान द्वारा स्वयं के स्तर पर, द्वितीय चरण में जिला स्तरीय टीम द्वारा, तृतीय चरण में राज्य स्तर की टीम द्वारा मूल्यांकन किया जाता है। जो राजकीय चिकित्सा संस्थान 70 से ज्यादा स्कोर प्राप्त करते हैं उनको भारत सरकार को नामित किया जाता है।

### रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 मई

**कोटा,** (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड स्टूडेंट्स की प्रतिभा को आगे लाने के लिए हर स्तर पर प्रयासरत रहता है। श्रेष्ठ शिक्षा, श्रेष्ठ वातावरण के साथ-साथ यहां विद्यार्थियों को श्रेष्ठ प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। इस प्रोत्साहन के तहत ही एलन चैम्प का आयोजन किया जाता है। एलन चैम्प के आठवें सीजन की घोषणा के बाद अब बड़ी संख्या में विद्यार्थी आवेदन कर रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई 2023 है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि यह प्रोग्राम ओपन फॉर ऑल है। स्कूली प्रतिभाओं को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम का आठवां संस्करण 'एलन चैम्प-2023' और अधिक विद्यार्थियों के लिए होगा। चैम्पियन्स के सम्मान में आयोजित किए जाने वाले इस कार्यक्रम में कक्षा-3 से 10 तक के मेधावी स्टूडेंट्स शामिल होंगे।

## दो दिवसीय शिविर आज से

**कोटा,** (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार कोटा उत्तर के क्षेत्र में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजन को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए आयोजित किए जा रहे मंहगाई राहत शिविर एवं प्रशासन शहरों के संग अभियान के द्वितीय चरण के शिविर आयोजन के तहत नगर निगम कोटा उत्तर के क्षेत्र में मगंलवार से वार्ड नं. 40, 43 व 69 के नागरिकों के लिए दो दिवसीय शिविरों का शुभारम्भ होगा। इन शिविरों में राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आमजन के पंजीकरण किए जाएंगे व मौके पर ही गारंटी कार्ड जारी किए जाएंगे।

कोटा उत्तर निगम के आयुक्त अनुराग भार्गव ने बताया कि 23 व 24 मई को वार्ड वाईज आयोजित होने वाले दो दिवसीय शिविरों के तहत वार्ड नम्बर 40 के नागरिकों के लिए शिविर रा.उ.प्रा. विद्यालय प्रेमनगर द्वितीय में, 43 के नागरिकों के लिए शिविर इन्दिरा रसोई सोगरिया में तथा वार्ड नम्बर 69 के नागरिकों के लिए शिविर बीड़ के बालाजी विद्यालय में आयोजित होगें। उन्होंने बताया कि शिविरों का संचालन प्रातः 10 से सांय 6 बजे तक रहेगा।

# महाराणा प्रताप के आदर्शों और नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें : पुलिस अधीक्षक

**कोटा,** (निसं)। महाराणा प्रताप जयंति के अवसर पर सोमवार को शहर भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। सोमवार को राजपूताना यूथ फाउंडेशन (रायूफा) की ओर से छावनी स्थित बिनानी सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर पुलिस अधीक्षक शरद चौधरी, विशिष्ठ अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन राजकुमार सिंह, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज संगीता सक्सैना, उपायुक्त नगर निगम गजेन्द्र सिंह रहें। राजपूताना यूथ फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष शम्भू सिंह कानावत ने बताया कि वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंति पर विगत 22 वर्षो से जयंति समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के दौरान समाज में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मान भी किया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती एवं महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए शहर पुलिस अधीक्षक शहर चौधरी ने कहा कि राजस्थान के वीर योद्धा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप ने अपने जीवन काल में विपरित परिस्थितियों में भी अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति, और अदम्य साहस से पूरा राजस्थान ही नहीं बल्कि देश में महाराणा प्रताप के साहस की गौरव गाथा को सुनने को देखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि युवा पीढी को महाराणा प्रताप के आदर्शो एवं नैतिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करना होगा। कार्यक्रम को विशिष्ठ अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर राजकुमार सिंह ने कहा कि विपरित परिस्थिति में भी दृढ़ इच्छा शक्ति, शौर्य और पराक्रम से हर परिस्थिति का सामना कर उस पर विजय पाई है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष कोटा में 2 से 3 लाख विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए कोटा आते है। कोटा आने वाले हर विद्यार्थी को महाराणा प्रताप से प्रेरणा लेनी होगी और अपने लक्ष्यों को हासिल करने का संकल्प लेना होगा। कार्यक्रम में प्राचार्य मेडिकल कॉलेज संगीता सक्सैना ने महाराणा प्रताप को नमन करते हुए उनके चरित्र पर व्याख्यान दिया। उपायुक्त नगर निगम गजेन्द्र सिंह ने महाराणा प्रताप के जीवन काल के विभिन्न परिस्थितियों, हल्दीघाटी के युद्ध, पराक्रम और साहस की विस्तार से जानकारी देकर युवाओं को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के आदर्शो एवं मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने का आव्हान किया।

## कुलपति प्रो.एस के सिंह को इंजीनियरिंग शिक्षा पुरस्कार

**कोटा,** (निसं)। सोसायटी फोर इंजीनियरिग एजुकेशन इंडिया द्वारा राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के कुलपति प्रो.एसके सिंह को अध्यापन, कश्मीर से कन्याकुमारी तक नदियों और जल निकायों में स्थिरता और जल गुणवत्ता पर शोध, पिछले 30 वर्षों से सिविल इंजीनियरों को शिक्षित करने की दिशा मे सार्थक प्रयास, विभिन्न संस्थानों में प्रशासन, तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं अर्जित उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए मेकापटी गौतम रेड्डी इंजीनियरिंग शिक्षा पुरस्कार प्रदान किया।

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य, विश्वविद्यालय में लागू नवाचार, अभिनव कार्यक्रम, नवप्रवर्तन योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उत्कृष्टता के साथ की गई अकादमिक सेंवाओ को रेखांकित करते हुए कुलपति प्रो. सिंह को सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न शिक्षाविदों को अपनी अर्जित उत्कृष्टता के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया है। विगत वर्षों में इंजीनियर शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए असाधारण योगदान को रेखांकित करते हुए सोसाइटी द्वारा इस पुरस्कार हेतु चयन किया गया है।

# कल्याणकारी योजनाओं से भाजपा कार्यकर्ताओं का बीजेपी से हो रहा मोहभंग : धारीवाल

**कोटा,** (निसं)। कोटा में हुए विकास और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर भाजपा कार्यकर्ताओं का भी बीजेपी से मोहभंग हो रहा है और कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत निकाली जा रही पदयात्रा में हर रोज भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो रहे है।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने सोमवार को पद यात्रा के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि जिस क्षेत्र में भी पदयात्रा पहुंच रही है क्षेत्र के विकास कार्य एवं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का ऐसा असर हो रहा है हर रोज कहीं एक दर्जन तो कहीं 2 दर्जन से अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस मैं विश्वास जताकर बीजेपी छोड़ रहे हैं पदयात्रा का स्वागत कर रहे हैं कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार फिर बनने जा रही है

- **हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की पदयात्रा वार्ड 49 में पहुंची**


कोटा में पदयात्रा के दौरान यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल का अभिनंदन किया।

कोटा के विकास के साथ प्रदेश का विकास हमारी प्राथमिकता है। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत चल रही मंत्री धारीवाल के नेतृत्व में पदयात्रा के दौरान सोमवार को वार्ड 49 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस में शामिल होकर कांग्रेस जिंदाबाद और विकास पुरुष के पक्ष में जमकर नारे लगाए। पदयात्रा आज वार्ड 49 के नेहरू नगर तेल घर सहित संपूर्ण क्षेत्र की गली मोहल्लों में पहुंची जहां मंत्री शांति धारीवाल और पीसीसी सदस्य अमित धारीवाल ने घर-घर पहुंचकर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की वार्ड वासियों ने जगह जगह पर स्वागत द्वार लगाकर पदयात्रा का स्वागत किया और भीषण गर्मी में अपने घरों के बाहर पदयात्रा के स्वागत के लिए आतुर नजर आए। पदयात्रा के दौरान मंत्री धारीवाल ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को भी सुना और मौके पर ही अधिकारियों को समाधान के निर्देश भी दिए जैसे ही मंत्री धारीवाल समस्या का निदान पदयात्रा के दौरान करते हैं क्षेत्रवासियों में भी उत्साह देखते ही बनता है। पिता पुत्र को कहीं मिठाइयों से तोला गया तो वार्ड वासियों ने फलों से तौलकर का वितरण किया। ब्लॉक अध्यक्ष ललित कुमार, नेवलाल गुर्जर, पार्षद विमल कुमार, रमेश टांक, अविनाश डंगोरिया, दिलशाद अली, अमीर बेग सहित क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अभूतपूर्व विकास से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल-हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के नेतृत्व में निकाली जा रही पदयात्रा जैसे ही वार्डों में पहुंच रही हैं क्षेत्र के विकास कार्यो से और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से मिल रही राहत से प्रभावित होकर कई भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में अपना विश्वास जताकर शामिल हो रहे हैं नदी पार क्षेत्र में भी पदयात्रा के दौरान कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थामा था वही स्टेशन क्षेत्र में भी मंत्री धारीवाल से संवाद कर भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस मैं शामिल हो रहे हैं सोमवार को पदयात्रा जब नेहरू नगर में पहुंची तो भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता मोहन लाल चुनरिया अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री शांति धारीवाल का स्वागत किया और कांग्रेस जिंदाबाद धारीवाल जिंदाबाद के नारे लगाये और कांग्रेस पार्टी में अपना विश्वास जताया। पदयात्रा के दौरान मंत्री धारीवाल ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि हर रोज जिस क्षेत्र में भी पदयत्रा पहुंच रही है भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जन-जन तक लाभ पहुंचाने का संकल्प भी ले रहे।

## गुणवत्ता मापदंडों पर खरी उतरी डिस्पेंसरी

**कोटा,** (निसं)। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट प्रोग्राम के तहत शहर की तलवंडी यूपीएचसी राष्ट्रीय स्तर से सर्टिफाइड हो गई है। अब इस डिस्पेंसरी को तीन सालों तक प्रतिवर्ष 2 लाख रुपये की राशि बतौर इनाम के रूप में मिलेगी। जिसका उपयोग यहां सुविधाओं को विकसित करने मे किया जा सकेगा। सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से कोटा दक्षिण के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तलवंडी कोटा को राष्ट्रीय गुणवत्ता एश्योरेंस का सर्टिफिकेशन दिया गया है। केंद्रीय मानक असेसर टीम ने गत 1 व 2 मई को 2 दिन तक एक्सटर्नल असेसमेंट किया था। उनकी रिपोर्ट के आधार पर तलवंडी का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि तलवंडी डिस्पेंसरी ने 88.4 प्रतिशत अंको के साथ यूपीएचसी कैटेगरी में राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कोटा दक्षिण की यह पहली डिस्पेंसरी है जिसे यह कामियाबी मिली है। इस सर्टिफिकेट के लिए प्रदेश के 10 चिकित्सा संस्थानों का चयन हुआ है। गुणवत्तापूर्ण सेवाओं के लिए मिले इस सर्टिफिकेशन से डिस्पेंसरी को 3 वर्षों तक प्रतिवर्ष 2 लाख रुपये की राशि प्राप्त होगी।


**आम सूचना**

श्री नवल किशोर महावर पुत्र श्री प्रभूलाल द्वारा अपने उक्त मकान नं. 231 विवेकानन्द नगर योजना कोटा को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया कोटा में साम्यक बंधक रख ऋण हेतु आवेदन किया है। उक्त मकान का असल आवंटन पत्र क्रमांक 474 दिनांक 16.11.1998 जो कि नगर विकास न्यास कोटा द्वारा श्री नवल किशोर महावर के पक्ष में जारी किया गया था, असल उपलब्ध नहीं है एवं गुम होना बताया गया है, अगर किसी व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को उक्त असल आवंटन पत्र के संदर्भ में किसी प्रकार की आपत्ति या एतराज हो तो वह सूचना प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में मुझे अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत कर दें, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

कोटा

दिनांक : 22.5.23

राजेन्द्र मंगल एडवोकेट
322 महावीर नगर द्वितीय कोटा
मो. 9414802953

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम फरीदा पत्नी काईद जोहर से बदलकर नया नाम फरीदा काईद ठेकेदार पत्नी काईद जोहर ठेकेदार रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे। पता-फरीदा काईद ठेकेदार पत्नी काईद जोहर ठेकेदार एफ 4 सेकण्ड फ्लोर रायल टावर कैथूनीपोल रोड टिपटा कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम MEHGA MAHESHWARI से बदलकर नया नाम MEGHA MAHESHWARI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे। पता-मेघा माहेश्वरी पत्नी अखिल माहेश्वरी 175 सत्यम बल्लभबाड़ी जैन दिवाकर विद्यालय रोड कोटा

**खोया-पाया**

आवासन मंडल कोटा मकान नं. 3-D-53 महावीर नगर विस्तार यो. के मकान का कब्जा पत्र एवं भौतिक कब्जा पत्र के मूल दस्तावेज तलवण्डी से महावीर नगर वि. यो. के बीच रास्ते में कही खो गये है। किसी भी व्यक्ति को मिले तो सूचित करें। मो. 9166658492
द्वारा-जगमोहन पपनेजा, विनोद पपनेजा, हरश पपनेजा, धरम छिब्बर, इशा छिब्बर, कमलेश कुमारी

**खोया-पाया**

मेरा आवास नम्बर 2-क-31 केशवपुरा टीचर्स कालोनी कोटा के मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, भौतिक कब्जे के दस्तावेज एवं मूल आवंटी का निरस्तीकरण पत्र खो गया है। कृपया निम्न पते पर देने की कृपा करें।
भवदीय : रजिया सुलतान पुत्री अब्दुल सतीफ पत्नी श्री ए.क्यू. खान 2-क-31 केशवपुरा टीचर्स कालोनी कोटा

**जनरल नोटिस**

अज अदालत जिला न्यायाधीश कोटा जिला कोटा
बइजलास श्री अश्वनी विज आरएचजेएस जिला न्यायाधीश कोटा जिला कोटा
मुत्त. आवेदन क्रमांक 16/2022
महावीर प्रसाद आत्मज नाथूलाल उर्फ रामनाथ आयु 57 वर्ष जाति मेघवाल निवासी बालापुरा कुन्हाड़ी कोटा जिला कोटा राजस्थान ......प्रार्थी
बनाम
1. सेन्ट्रल बैंक ओफ इंडिया शाखा कुन्हाड़ी कोटा जिला कोटा जरिये शाखा प्रबन्धक
2. आम जनता ....प्रतिपक्षीगण
प्रार्थना पत्र बाबत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र जारी करने हेतु
हरगाह आम को सूचना दी जाती है कि न्यायालय हाजा में प्रार्थी ने उपरोक्त शीर्षक का आवेदन पत्र पेश कर कथन किया है कि प्रार्थी के पिता नाथूलाल जलदाय विभाग पीएचईडी में फीटर-II के पद पर कार्यरत थे जिनकी पेंशन हो चुकी है तथा उन्होंने पेंशन फार्म में अपना नाम नाथूलाल ही अंकित किया हुआ है। जिनका निधन दिनांक 03.03.2008 को कोटा में हो चुका है। पेंशन फार्म में नोमिनी के रुप में अपनी पत्नी गुलाब बाई का नाम दर्ज किया हुआ है। इस कारण नाथूलाल जी की मृत्यु के बाद श्रीमती गुलाब बाई फेमिली पेंशन प्राप्त करती रही। प्रार्थी की माता श्रीमती गुलाब बाई का भी दिनांक 07.02.2021 को देहावसान हो गया है। प्रार्थी के पिता नाथूलाल जी को रामनाथ के नाम से भी पुकारा जाता था। नाथूलाल उर्फ रामनाथ एक ही व्यक्ति का नाम है। माता गुलाब बाई का एक बचत खाता प्रतिपक्षी नं. 1 के यहां खुला हुआ है जिसको प्रार्थी की माता गुलाब बाई ही अपने जीवन काल तक ओपरेट करती चली आ रही थी। मृतक गुलाब बाई व मृतक नाथूलाल जी उर्फ रामनाथ जी प्रार्थी के माता पिता है और प्रार्थी के अलावा मृतक गुलाब बाई व मृतक नाथूलाल जी उर्फ रामनाथ जी के अन्य कोई उत्तराधिकारी पुत्र-पुत्री नहीं है। प्रार्थी ही एक मात्र वारिस है। इस कारण उक्त जमा राशि को प्राप्त करने हेतु प्रार्थी के पक्ष में मृतक गुलाब बाई का उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किया जावे।
अतएव आम जनता को सूचना दी जाती है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किए जाने में किसी प्रकार की आपत्ति व एतराज हो तो वह व्यक्ति दिनांक 06.07.2023 को समय 10 AM बजे एएम/पीएम पर न्यायालय हाजा में वकालतन व असालतन रुप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश करे अन्यथा आवेदन स्वीकार कर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जावेगा।
अतएव यह सूचना पत्र न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28.04.2023 को जारी किया गया।
मोहर अदालत
न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सेशन न्यायाधीश कोटा